Reg. No. | | | | | | | | | | | | |

BCMHDLN 201

Second Semester B.Com. Degree Examination, June/July 2024
(NEP 2020) (2021-22 Batch Onwards)
LANGUAGE HINDI
(Group – III) (Paper – II) (AECC)

Time : 2 Hours Max. Marks : 60

I. **एक** शब्द या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए । **(10×1=10)**

1) कबीरदास के अनुसार यह शरीर किसके समान है ?
2) परधन, परस्त्री की लालसा रखनेवाला किसके समान है ?
3) यशोदा किसे पालने में सुला रही है ?
4) मीरा के कृष्ण कैसे हैं ?
5) कृष्ण किसके प्रति अपनी माँ से शिकायत करता है ?
6) मनुष्य को अपने चुने हुए मार्ग पर किस तरह चलना चाहिए ?
7) 'जुही की कली' कविता में किसका वर्णन हुआ है ?
8) प्रतियोगी को केवल क्या देखना था ?
9) कौन-कौन अपनी जगह से गिरकर कहीं के नहीं रहते ?
10) श्लोक का अन्वय कौन करते हैं ?

S.D.M.C. OF BUSINESS MANAGEMENT LIBRARY

II. किसी **एक** अवतरण की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए । **5**

1) तुलसी जे कीरति चहहिं, पर की कीरति खोइ ।
तिनके मुँह मसि लगि हैं, मिटिहिं न मरि है धोइ ।।

2) बादल देख डरी ।
हो स्याम ! मैं बादल देख डरी
काली-पीली घटा ऊमरी, बरस्यो एक घरी ।
जित जाऊँ तित पाणी ही पाणी, हुई भोम हरी ।
जाका पिव परदेश बसत है, भीजे बाहर खरी ।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, कीज्यो प्रीति खरी ।।

P.T.O.

III. किसी **एक** अवतरण की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए । 5

1) परम्परा से छूटकर बस यह लगता है –
किसी बड़े क्लासिक से
पासकोर्स बी. ए. के प्रश्नपत्र पर छिटकी
छोटी-सी पंक्ति हूँ-
चाहती नहीं लेकिन
कोई करने बैठे
मेरी व्याख्या सप्रसंग !

S.D.M.C. OF BUSINESS MANAGEMENT LIBRARY

2) निर्दय उस नायक ने
निपट निठुराई की,
कि झोंकों की झड़ियों से
सुन्दर सुकुमार देह सारी झकझोर डाली,
मसल दिये गोरे कपोल गोल;
चौंक पड़ी युवती-
चकित चितवन निज चारों ओर फेर,
हेर प्यारे को सेज-पास,
नम्रमुख हँसी-खिली,
खेल रंग, प्यारे-संग ।

IV. कबीरदास के दोहों का सार अपने शब्दों में लिखते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । 10

अथवा

पठित पदों के आधार पर सूरदास की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए ।

V. 'मनुष्यता' कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । 10

अथवा

'पुतली में संसार' कविता का सार लिखकर उसके माध्यम से कवि समाज को क्या सन्देश देना चाहते हैं ?

VI. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (5×2=10)

1) भूतकाल किसे कहते हैं ? उसके चार भेदों को सोदाहरण समझाइए ।

2) क्रिया विशेषण अव्यय किसे कहते हैं ? उसके भेदों को सोदाहरण समझाइए ।

3) वाच्य किसे कहते हैं ? उसके भेदों को उदाहरण सहित समझाइए ।

4) क्रिया की परिभाषा लिखकर कर्म के अनुसार उसके भेदों को सोदाहरण समझाइए ।

VII. अ) शब्द शुद्ध कीजिए । (½×4=2)

1) रचियता
2) गोतम
3) मूर्ती
4) सरुप

आ) वाक्य शुद्ध कीजिए । (1×2=2)

1) पेड़ों पर तोता बैठा है ।
2) वह धीमी स्वर में बोला ।

S.D.M.C. OF BUSINESS MANAGEMENT LIBRARY

इ) विलोम शब्द लिखिए । (½×4=2)

1) न्याय
2) जय
3) भला
4) शुभ

ई) निम्नलिखित प्रशासनिक शब्दों के **हिंदी** रूप लिखिए । 4

1) Favourable action
2) Benefit of doubt
3) Statement of case
4) Qualifying service.

अथवा

पद परिचय दीजिए ।

लड़का पुस्तक पढ़ता है ।